# UNIVERSITY NEWS ON 26 JANUARY 2026

DAINIK JAGRAN

## अब जैव विविधता वन्यजीव संरक्षण और प्रबंधन में भी विशेषज्ञता

**जासं • लखनऊ** : लखनऊ विश्वविद्यालय से एम.एससी जंतु विज्ञान की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं अब जैव विविधता वन्य जीव संरक्षण एवं प्रबंधन में विशेषज्ञता (स्पेशलाइजेशन) कर सकेंगे। विद्यार्थियों को जुलाई से तीसरे और चौथे सेमेस्टर में यह पढ़ने का विकल्प मिलेगा। अभी तक सिर्फ पांच विषयों में विभाग यह सुविधा दे रहा है। अब इसे भी शामिल कर दिया गया है। हाल ही में विज्ञान संकाय की फैक्ल्टी बोर्ड की बैठक में इसे मंजूरी दी गई है।

विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग में परास्नातक स्तर पर अभी तक जिन पांच विषयों में विशेषज्ञता की सुविधा दी जाती है उनमें एंडोक्रिनोलाजी, एंटोमोलाजी, मालिक्यूलर जेनेटिक्स, पैरासिटोलाजी और मत्स्य पालन शामिल हैं। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अमिता कनौजिया ने बताया कि जैव विविधता वन्य जीव संरक्षण एवं प्रबंधन के पेपर में छात्र-छात्राओं को वन्य जीव, प्राइमेंट्स, तितलियां, पतंगा, स्पाइडर्स, सांप, लेपर्ड, टाइगर, मगरमच्छ, घड़ियाल, बिग कैट आदि जंतुओं को पहचाने, उनके खाने और व्यवहार के बारे में बताया जाएगा। वन्य जीव संरक्षण एक्ट, जैव विविधता एक्ट से लेकर इको सिस्टम के बारे में भी पढ़ाएंगे। इसके अलावा सेंचरी, पार्क, जैव विविधता आरक्षित क्षेत्र, सामुदायिक आरक्षित क्षेत्र के विषय में भी विस्तार से विद्यार्थी जानेंगे।

## लवि ने जीते दो पुरस्कार

**लखनऊ** : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सीएसआइआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआइ) की ओर से आयोजित दो दिवसीय गुलाब एवं ग्लैडियोलस शो में जी-4 श्रेणी (लघु गुलाब के गमले) में पहला पुरस्कार जीता है। वनस्पति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना ने बताया कि यह श्रेणी सटीकता, सौंदर्यात्मक उत्कृष्टता तथा वैज्ञानिक रूप से सुदृढ़ पौध-पालन पद्धतियों पर विशेष बल देती है। विजेता प्रदर्शनी को पौधों के उत्कृष्ट स्वास्थ्य, समान वृद्धि, आकर्षक रंगत तथा अत्यंत सुव्यवस्थित प्रस्तुति के लिए विशेष रूप से सराहा गया। इसके अलावा लवि ने डी-4 श्रेणी (प्रदर्शनी का सर्वश्रेष्ठ हाइब्रिड टी गुलाबी गुलाब) में तीसरा पुरस्कार भी जीता।




DAINIK JAGRAN

## चार पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम जारी

**लखनऊ** : लखनऊ विश्वविद्यालय ने चार पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। इनमें एम.ए मेडिवियल एंड माडर्न इंडियन हिस्ट्री तीसरे, एमएचए तीसरे, एम.काम कामर्स तीसरे तथा एलएलबी पांच वर्षीय नवें सेमेस्टर के परिणाम शामिल हैं। छात्र-छात्राएं वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर इसे देख सकते हैं।

HINDUSTA

## 31 तक आंतरिक परीक्षाओं के अंक अपलोड करें

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के आंतरिक अंक समर्थ पोर्टल पर 31 जनवरी तक अपलोड करना होंगे। परीक्षा नियंत्रक ने विद्यानन्द त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय के सभी विभागों के अध्यक्ष, कॉलेजों के प्राचार्य को पत्र जारी कर स्नातक-परास्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षा के आंतरिक अंक ऑनलाइन पोर्टल पर 31 जनवरी तक अनिवार्य रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।